31.12.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार:

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर देशवासियों को दीं शुभकामनाएं।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने देशवासियों को नए वर्ष की शुभकामनाएँ दी हैं ।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा _ नारी शक्ति हैं समाज की प्रगति की आधारशिला ।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी, नए साल की शुरुआत भी कड़ाके की ठंड के साथ होने की संभावना ।

प्रधानमंत्री-अयोध्या जयंती

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में मनाई जा रही राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इसको आस्था और परंपरा का एक दिव्य उत्सव बताया। प्रधानमंत्री ने देश-विदेश में फैले राम भक्तों की ओर से भगवान श्री राम को नमन किया।

राष्ट्रपति - नव वर्ष

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नव वर्ष 2026 की पूर्व संध्या पर देश और विदेश के नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नव वर्ष नई ऊर्जा और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। साथ ही आत्मचिंतन और नए संकल्पों का अवसर प्रदान करता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने सभी से राष्ट्र के विकास, सामाजिक सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का आग्रह किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भी नववर्ष के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि नया वर्ष नए संकल्पों, नई ऊर्जा और नए अवसरों का प्रतीक है। यह समय है कि हम बीते अनुभवों से सीख लेते हुए मध्यप्रदेश को प्रगति की नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लें।

मंत्रिमण्डल - निर्णय

केन्द्रीय मंतिर्मण्डल ने आज 6 लेन वाले नासिक-सोलापुर कॉरिडोर और ओडिशा में एनएच-326 के चौड़ीकरण के दो राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी दी। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने महाराष्ट्र में 6 लेन के ग्रीनफील्ड नियंत्रित नासिक-सोलापुर-अक्कलकोट कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दी है। 374 किलोमीटर के राजमार्ग का निर्माण 19 हजार 142 करोड़ रुपए के कुल व्यय पर किया जाएगा। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह परियोजना कुरनूल को जोडने वाले नासिक, अहिल्या नगर और सोलापुर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय शहरों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

परिवहन की सुविधा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नव वर्ष में शीघ्र ही प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके तहत प्रदेश में सरकारी बसों का संचालन होगा, जिससे गाँव-गाँव तक सस्ती और सुविधाजनक बस सेवा नागरिकों को मिलेगी। इसके साथ ही शहरी क्षेत्रों में लग्जरी बसे भी चलाई जायेंगी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नारी शक्ति समाज की प्रगति की आधारशिला है। डॉ. यादव ने आज भोपाल स्थित निवास पर आयोजित 'सशक्त नारी–समर्थ नारी संवाद' कार्यक्रम में कृषि, उद्यमिता, स्वास्थ्य, शिक्षा और विनिर्माण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहीं बहनों और बेटियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बताया की प्रदेश सरकार उद्योगों के लिए बेहतर कार्य कर रही है

प्रदेश में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के 4,767 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह भर्ती वर्ष 2025, फेज-2 के अंतर्गत की जा रही है। एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल पर 10 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए chayan.mponline.gov.in पर विजिट करें।

इंदौर - दूषित पेयजल

इंदौर जिले के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी पीने से कई लोग बीमार पड़ गए, जिनमें से आठ लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मामले में तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

**<u>शतरंज</u>**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोहा में आयोजित फीडे वर्ल्ड ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में फिडे रैपिड चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीतकर अर्जुन एरिगैसी ने अपने कौशल और प्रतिभा से देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि शतरंज में भारत की निरंतर प्रगति और ये उपलब्धियां पूरे देश के लिए गर्व का विषय हैं।

**<u>मौसम</u>**

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है, जिसका सबसे ज्यादा असर प्रदेश के पूर्वी हिस्से जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में देखा जा रहा है। शहडोल जिले के कल्याणपुर में न्यूनतम तापमान 1.7 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जो इस सीजन का सबसे कम तापमान है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक ठंड और कोहरे के बने रहने की संभावना जताई है।

संक्षिप्त समाचार

- इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से gqbZ nq?kZVuk ds बाद भोपाल नगर निगम भी अलर्ट हो गया है। महापौर मालती राय ने सभी इंजीनियरों को निरीक्षण करने के आदेश दिए हैं।
- नीमच जिले में राजस्व संबंधी विभिन्न समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत पंचायत कलस्टर स्तर पर विशेष राजस्व शिविर आयोजित किए जा रहे है।
- सीहोर जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को वेक्टर जनित रोगों के लक्षण, कारण एवं बचाव की जानकारी से अवगत कराकर जागरूक किया जा रहा है ।
- अशोकनगर जिले में शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर द्वारा जिले में संचालित समस्त आंगनवाडी केन्द्रों का समय परिवर्तन किया गया है अव समय प्रातः 10 बजे से सायंकाल 05 बजे तक होगा ।
- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि "संभावना" अंतर्गत 30 दिसंबर, 2025 से 01 जनवरी, 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से संयोजन किया गया है।
- पन्ना जिला शिक्षा केन्द्र के तत्वाधान में दिव्यांगजन की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ।
- शिवपुरी जिले में 69वीं राष्ट्रीय 19 वर्ष बालिका शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कल 1 से 6 जनवरी तक शिवपुरी में किया जाएगा। प्रतियोगिता में देश के 24 राज्यों से 480 खिलाड़ी और 200 स्टेट ऑफिसर्स शामिल होंगे।

आज वर्ष का अंतिम दिन है। इस अवसर पर प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से आप सभी को आने वालs नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। नूतन वर्ष 2026 आपके जीवन में स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि और सफलता लेकर आए।